(ग) और (घ) "लोक व्यवस्था" और "पुलिस" राज्यों के विषय हैं, इसलिए इस संबंध में विभिन्न उपाय करना और ठोस कदम उठाना संबंधित राज्य सरकारों का कार्य है। केन्द्रीय स्तर पर विभिन्न राज्यों द्वारा चलाए जा रहे आतंकवाद विरोधी अभियानों का समन्वय करने और राज्यों में आतंकवादी गतिविधियों पर नियंत्रण पाने के लिए उपयोगी सूचना के प्रवाह में सुधार लाने के लिए कार्रवाई की जाती है। इसके अतिरिक्त, राज्य सरकारों को पुलिस के आधुनिकीकरण, उन्नत हथियारों की आपूर्ति, अर्धसैनिक बलों की तैनाती के लिए वित्तीय सहायता के रूप में भी मदद दी जा रही है। कुछ विशेष परिस्थितियों में प्रभावित राज्यों को पुलिस के आधुनिकीकरण और हथियारों की आपूर्ति के लिए पहले ही किए गए आबंटन के अतिरिक्त वित्तीय सहायता भी दी गई है।

Dialogues with ULFA

3121. SHRI DRUPAD BORGOHAIN: Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether Government are taking any steps to initiate political dialogue with ULFA;

(b) if so, the details thereof;

(c) whether there is any precondition for such a dialogue; and

(d) whether there is any plan to suspend army operation as a gesture and to create a congenial atmosphere for dialogue?

THE MINISTER OF HOME AFFAIRS (SHRI L.K. ADVANI): (a) to (c) Government of Assam and Government of India has made several appeals to militant groups including ULFA, to give up arms and to come forward for unconditional talks to settle the issue through dialogue.

(d) No such proposal is under consideration of Union Government at present.

दिल्ली पुलिस की कार्यकुशलता बढ़ाया जाना

3122. श्री ईश दत्त यादव:
श्री रामगोपाल यादव:

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या दिल्ली पुलिस अत्यधिक तनाव की अवस्था से गुजर रही है, जिसके कारण पुलिस की कार्यकुशलता प्रभावित हो रही है; और

(ख) यदि हां, तो इस तनाव के क्या कारण है तथा सरकार तनाव को कम करने, समाप्त करने और दिल्ली पुलिस की कार्यकुशलता को बढ़ाने के लिए क्या कार्यवाही करने का विचार रखती है?

गृह मंत्री (श्री लाल कृष्ण आडवाणी): (क) और (ख) दिल्ली जैसे महानगर की पुलिस व्यवस्था में उन कर्तव्यों का निष्पादन शामिल है जोकि दूभर और आवश्यक प्रकृति के हैं। तथापि, यह धारणा बनाना गलत है कि इस समय दिल्ली पुलिस किसी विशेष "तनावपूर्ण" दौर से गुजर रही है। फिर भी, सरकार इसके कार्मिकों, जिनमें दिल्ली पुलिस के कार्मिक भी शामिल हैं, की सेवा शर्तों में सुधार करने के लिए लगातार कोशिश करती रही है ताकि उनकी कार्यकुशलता बढ़ सके। दिल्ली पुलिस के संबंध में हाल ही में सरकार द्वारा उठाए गये महत्वपूर्ण कदमों में से एक, इसके अराजपत्रित कार्मिकों को राशन मनी का प्रदान किया जाना है।

Autonomous State for people of North Cachar Hills

3123. SHRI PRAKANTA WARISA: Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether Government are aware of the long standing demand of the people of North Cachar Hills and Karbi Auglong district in Assam for creation of an autonomous state within the State of Assam as per the special provision of Article 244(a) provided in the Constitution; and

(b) if so, what is the intention and decision of Government to solve this issue?

THE MINISTER OF HOME AFFAIRS (SHRI L.K. ADVANI): (a) Yes, Sir.

(b) Government is not in favour of creation of an autonomous state in Assam under Article 244A of the Constitution.